PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
बुधवार,03,दिसंबर,2025





# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## मौलाना मदनी बोले- स्कूलों में पढ़ाया जाए जिहाद



मौलाना महमूद मदनी अपने बयानों को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना मदनी ने एक और इंटरव्यू में जिहाद और देश की राजनीति से जुड़े मसलों पर विस्तार से बात की है। देश की राजनीति, कानूनी एजेंसियों की कार्रवाई जैसे मुद्दों पर बात करते हुए मदनी ने अपनी बातों के समर्थन में कई दलीलें भी दीं। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा?मौलाना महमूद मदनी ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की तरफ से एक बार फिर जिहाद, देश की सियासत, स्कूलों के पाठ्यक्रम जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बात की। मदनी ने कांग्रेस के जनाधार पर सवाल खड़े करने के अलावा देशभर के स्कूलों के पाठ्यक्रम में जिहाद को पढ़ाने पर भी जोर दिया। मदनी ने कहा कि जो लोग जिहाद का विरोध कर रहे हैं वे गद्दार हैं और आतंकवाद फैलाने का काम कर रहे हैं।इससे पहले एक अन्य साक्षात्कार में भी मदनी ने जिहाद लफ्ज के दुरुपयोग को लेकर चिंता का इजहार किया था। मदनी ने कहा था कि गालियां देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा था, 'अगर अन्याय हो रहा है, तो उसके खिलाफ आवाज उठाना भी जिहाद है। वंदे मातरम को लेकर अपनी टिप्पणियों के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी जबरदस्ती करवाई जा रही है। जगह-जगह कहा जा रहा है

## INS Aridaman




भारत जल्द ही अपनी समुद्री शक्ति को और मजबूत करने जा रहा है। देश की तीसरी स्वदेश निर्मित परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन जल्द भारतीय नौसेना में शामिल की जाएगी। भारत को जल्द ही परमाणु क्षमता से लैस एक और स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन मिलने जा रही है। देश की तीसरी स्वदेश निर्मित परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी को जल्द ही नौसेना में शामिल किया जाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस कदम से समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि नौसेना के लिए पहले चार राफेल-मरीन विमान 2029 तक मिलने की उम्मीद है। चार दिसंबर को मनाए जाने वाले नौसेना दिवस से पूर्व वार्षिक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि फिलहाल आईएनएस अरिदमन के परीक्षण चल रहे हैं।पानी के भीतर करीब 44 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली अरिदमन का पता लगाना काफी मुश्किल है। के 15 और के-4 जैसी घातक

## पश्चिमी विक्षोभ से उत्तर भारत में बढ़ेगी ठंड



उत्तर भारत में सर्दी का असर अब तेज हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ से उत्तर भारत में ठंड बढ़ेगी। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कई स्थानों पर तापमान 6 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। वही दक्षिण में तूफान दित्वाह के असर से भारी बारिश हो रही है। इधरदेश के दो हिस्सों में मौसम के दो विपरीत हालात देखने को मिल रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के चलते उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप बढ़ रहा है। दक्षिण भारत में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात दित्वाह के अवशेष के कारण भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा अपडेट के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है, जिसके प्रभाव से उत्तर भारत

## 'उड़ता किला' लेकर आएंगे रूसी राष्ट्रपति



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर अभेद्य सुरक्षा घेरे के साथ पहुंचेंगे। उनका विमान 'फ्लाइंग फोर्ट्रेस' कहा जाता है। सड़क से आसमान तक भारत और रूस ने मिलकर अब तक की सबसे मजबूत सुरक्षा तैयार की है।रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आगमन से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने अब तक की सबसे उच्च श्रेणी की वीवीआइपी सुरक्षा का ब्लूप्रिंट तैयार किया है। पुतिन जिनके विमान को दुनिया में आसमान में उड़ता किला कहा जाता है, उनके साथ सड़क मूवमेंट के लिए सुरक्षित लिमोजिन से लेकर भोजन और संचार व्यवस्था तक रूस अपनी पूरी टीम और उपकरण भारत लाता है। भारत आने पर पुतिन फोर्ट्रेस सिक्योरिटी पर रहेंगे।फोर्ट्रेस सिक्योरिटी वह सुरक्षा है जिसमें लक्ष्य को हर तरह के बाहरी खतरे से लगभग पूरी तरह अजेय बना दिया जाता

## चिंताजनक

**पर्यावरणीय खतरे को लेकर वैश्विक अध्ययन में भयावह सच सामने आया है। जिसके मुताबिक दुनिया की 99 फीसदी आबादी पर्यावरणीय खतरे में है।**



दुनिया की करीब 99 फीसदी आबादी के स्वच्छ पर्यावरण से जुड़े मौलिक अधिकार किसी न किसी स्तर पर खतरे में हैं। इसका मतलब है कि विश्व के लगभग हर व्यक्ति को जहरीली हवा, असुरक्षित पानी, पौष्टिक भोजन की कमी और चरम मौसम जैसी स्थितियों के बीच जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।कोलोराडो यूनिवर्सिटी, बोल्डर के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अब तक के सबसे विस्तृत वैश्विक अध्ययन ने मानव सभ्यता के सामने इस भयावह सच को उजागर किया है।

## कांग्रेस ने फिर साधा पीएम मोदी पर निशाना



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान संघर्ष को खत्म करने के दावे ने देश में सियासी हलचल बढ़ा दी। कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी-ट्रंप 'हग्लोमैसी' अब ठंडी पड़ चुकी है।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान हालिया संघर्ष को खत्म करने का दावा फिर चर्चा में है। कारण है कि एक बार फिर ट्रंप ने इस बात को दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान संघर्ष को खत्म किया। ऐसे में अब ट्रंप के इन दावों के चलते एक बार फिर देश में सियासी गर्माहट तेज हो गई है। कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका के लगातार यह दावा करने पर कि ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच शांति स्थापित की, कोई आश्चर्य नहीं कि मोदी-ट्रम्प 'हग्लोमैसी'

# Aaj Ka Rashifal 03 December

**मिथुन और सिंह राशि वालों की इच्छाएं होंगी पूरी, वृषभ और कन्या वालों को रहना होगा सतर्क**

03 December Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 03 दिसंबर 2025 का राशिफल। आज, 3 दिसंबर बुधवार को मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि के बाद चतुर्दशी तिथि रहेगी, जिसे शिव चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है। आज चंद्रमा मेष से निकलकर वृषभ राशि में प्रवेश कर रहा है,



### मेष

आज आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता हैं। आप अपने करीबियों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे और किसी काम को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं, नहीं तो बाद में आपको उसमें कोई समस्या आ सकती है। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखें जिससे आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना बेहतर रहेगा। आप अपने करीबियों का भी दिल जीतेंगे और अपने रहन सहन के स्तर में सुधार लाएंगे। यदि बिजनेस में आपकी कोई डील रुकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है।

### वृषभ

आज आप कोई भी निवेश बहुत ही सोच समझकर करें और अपने धन को थोड़ा संभालकर रखें। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कोई प्रॉपर्टी की आपकी डील यदि लटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है, जिसके लिए आप कोई लोन आदि भी अप्लाई कर सकते हैं। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलेगी और आप अगर भावनाओं में बहकर यदि कोई निर्णय लेंगे, तो बाद में आपको समस्या खड़ी हो सकती है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

### मिथुन

आज आपको अपने परिजनों का पूरा साथ मिलेगा और आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपके घर किसी नए मित्र का आगमन हो सकता है। आपकी जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगी और आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। बिजनेस में कुछ कामों को लेकर थोड़ी टेंशन अवश्य रहेगी। आज आपकी आय बढ़ने से आप काफी खुश होंगे।

### कर्क

आज आपको किसी तर्क वितर्क में पड़ने से बचना होगा। शासन और प्रशासन के मामलों में आप पूरा ध्यान दें। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। घूमने समय के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा और आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा। आपके काम की गति भी बेहतर रहेगी। शासन- प्रशासन के मामलों में आपको थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। भाई बंधुओं की आपसे खूब पटेगी और कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपका कोई मित्र यदि आपसे लंबे समय से नाराज चल रहा था, तो वह भी मान सकता है। संतान की पढ़ाई लिखाई से ध्यान भटकने से आपकी टेंशन बढ़ेगी। आपको धन को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपको अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखने होंगे। आप भावनाओं में बहकर कोई नियंत्रण न लें। स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहना होगा। खानपान पर आप पूरा ध्यान दें। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

### तुला

आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और प्रेम संबंधों में भी प्रगाढ़ता आएगी। आप अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करेंगे। एक दूसरे से आप उनकी इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी काम के समय से पूर्ण होने से थोड़ी निराशा अवश्य रहेगी। आपको कुछ नए अनुबंधों से लाभ मिलेगा और आप लोगों का दिल जीतने में भी कामयाब रहेंगे। वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी।

### वृश्चिक

आज आपको धैर्य और संयम से काम करने की आवश्यकता है। आप अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलें और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपने किसी विरोधी की बातों में ना आए और वाहन लापरवाही से न चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आप अपने किसी सहयोगी की मदद के लिए आगे आएंगे और कुछ रुपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी अपने जीवनसाथी से खूब पटेगी और दोनों आगे के भविष्य को लेकर बातचीत करेंगे। जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी दूसरे के मामले में न बोलें। आपके अंदर ऊर्जा अधिक रहने से आप प्रत्येक काम करने में तत्पर रहेंगे। आपका रहन सहन का स्तर भी बढ़िया रहेगा और आपको किसी तर्क वितर्क में पड़ने से बचना होगा। किसी नए भूमि और वाहन आदि की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी धन संबंधित मामले में चुप रहना होगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपकी अपने भाई बंधुओं से नजदीकियां बढ़ेंगी। आप उनके साथ किसी पिकनिक पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपको बिजनेस में किसी अनजान व्यक्ति से सलाह लेने से बचना होगा, क्योंकि वह आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आप अपने से पुरानी गलती को लेकर परेशान रहेंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी खबरे सुनने को मिल सकती हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिवार में सदस्यों से रिश्तों में यदि कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आप बचत की योजना पर पूरा ध्यान देंगे। सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

आज, 3 दिसंबर बुधवार को मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि के बाद चतुर्दशी तिथि रहेगी, जिसे शिव चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है। आज चंद्रमा मेष से निकलकर वृषभ राशि में प्रवेश कर रहा है, जिसके प्रभाव से चंद्राधि योग का गठन होता है। इसी के साथ आज गजकेसरी योग तथा चंद्र–बुध का समसप्तक योग भी बन रहा है। आज भरणी नक्षत्र के संयोग में परिध योग, रवियोग और सर्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है,

# Orai Accident:

## बिजली के पोल से टकराई बाइक, भंडारा खाकर लौट रहे तीन दोस्तों की मौत, हेलमेट नहीं पहनना पड़ा भारी

उरई में भंडारा खाकर लौट रहे हथना बुजुर्ग के तीन दोस्तों की बाइक कच्चे रास्ते पर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हेलमेट न लगाए होने के कारण तीनों की मौत हो गई, जिससे गांव में मातम छा गया है।उरई में भंडारा खाकर वापस लौटते समय तीन दोस्तों की बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। एक साथ तीन मौत से गांव में मातम पसर गया। मृतक हेलमेट नहीं लगाए थे। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गधेला गांव में हर वर्ष की तरह 11 कुंडी यज्ञ भागवत व आयोजन हुआ था। मंगलवार को आसपास के गांव का निमंत्रण था,



जिसमें हथना बुजुर्ग निवासी तीन दोस्त अंशुमान परिहार (17), अंकित साकवार (14), कृष्ण कुमार (14) बाइक में सवार होकर मंगलवार की रात नौ बजे के लगभग ग्राम गधेला में भंडारा खाने गए थे। लौटते समय कच्चा रास्ता होने के कारण स्पीड में होने के कारण जगह-जगह खंदक होने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी की कृष्ण कुमार और अंशुमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत खराब होने पर उसे पुलिस ने मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया।ब ताया जा रहा है कि सिर के बल तीनों टकराए थे, हेलमेट न लगाए होने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई थी। एक ही गांव में तीन युवकों की मौत से मातम छा गया है। पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

हालत खराब होने पर उसे पुलिस ने मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया।ब ताया जा रहा है कि सिर के बल तीनों टकराए थे, हेलमेट न लगाए होने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई थी। एक ही गांव में तीन युवकों की मौत से मातम छा गया है। पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# Uttarakhand:

## 15 दिसंबर से और महंगी हो जाएगी शराब, लागू होगा वैट, प्रति बोतल इतने रुपये बढ़ जाएंगी कीमतें

कंट्री मेड अंग्रेजी शराब के पव्वे पर 10 रुपये और बोतल पर 40 रुपये का इजाफा होगा। वहीं, विदेश से आने वाली अंग्रेजी शराब की बोतलों के दाम 100 रुपये तक बढ़ जाएंगे। उत्तराखंड में शराब पीने वालों को 15 दिसंबर से एक और झटका लगने वाला है। राज्य सरकार ने अपनी आबकारी नीति 2025-26 में बड़ा संशोधन करते हुए एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) पर 12 फीसदी वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) फिर से लागू किया जाएगा। इस फैसले के बाद राज्य में शराब की कीमतें प्रति बोतल 40 से लेकर 100 रुपये तक बढ़ जाएंगी।आबकारी आयुक्त अनुराधा पाल ने बताया कि शासनादेश मिलने के बाद संशोधित



दरों को पारदर्शी तरीके से लागू करने के लिए टाइम-लाइन तय की गई है। इसके लिए विभाग को अनुरोध भी मिला था कि उन्हें एक हफ्ते का समय दिया जाए, जिसके तहत नई दरों को लागू करने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 15 दिसंबर तक का समय दिया गया है।उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की नीति बनाते समय एक्साइज ड्यूटी से वैट को हटा दिया था, तब विभाग का कहना था कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में एक्साइज ड्यूटी पर वैट नहीं लगता है।उत्तराखंड की नीति को अन्य राज्यों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बनाने और अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए यह कदम उठाया गया था। राज्य के वित्त विभाग ने इस कदम पर कड़ा ऐतराज जताया। वित्त विभाग की आपत्ति के कारण एक्साइज ड्यूटी पर वैट को फिर से जोड़ने जा रहा है।इसके बाद कंट्री मेड अंग्रेजी शराब के पव्वे पर 10 रुपये और बोतल पर 40 रुपये का इजाफा होगा।

## 'तेरे इश्क में' के आगे पस्त 'गुस्ताख इश्क'

### '120 बहादुर' सहित बाकी फिल्मों का रहा ऐसा हाल




इन दिनों थिएटर्स अलग-अलग जॉनर की फिल्मों से गुलजार हैं। रोमांटिक फिल्में देखने के शौकीनों के लिए 'तेरे इश्क में' और 'गुस्ताख इश्क' सजी हैं। वहीं, कोई मीनिंगफुल फिल्म देखना चाहते हैं तो '120 बहादुर' का विकल्प है। मगर, आपको किसी कॉमेडी फिल्म की तलाश है तो 'मस्ती 4' देख सकते हैं। जानते हैं मगलवार को किस फिल्म ने सबसे ज्यादा दर्शकों को आकर्षित किया? **तेरे इश्क में'** धनुष और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से टिकी है। वीकएंड पर शानदार कलेक्शन करने के बाद फिल्म ने मंडे टेस्ट में भी शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, कल मंगलवार को इसकी कमाई में और इजाफा दर्ज हुआ है। फिल्म ने चौथे दिन सोमवार को 8.75 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, कल मंगलवार को पांचवे दिन का कलेक्शन 10.25 करोड़ रुपये रहा। 'तेरे इश्क में' का टोटल बॉक्स ऑफिस कारोबार 71 करोड़ रुपये हो चुका है। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म 'गुस्ताख इश्क' अपनी रिलीज से पहले खूब चर्चा में रही। रिलीज के बाद क्रिटिक्स से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। मगर, कमाई के मामले में 'तेरे इश्क में' के आगे यह फिल्म पस्त होती दिख रही है।

## एक्टिंग के खिलाफ था जिम्मी शेरगिल का परिवार, बाल कटवाने पर पिता ने बंद की बात; छोटे किरदारों से मिली पहचान




जिम्मी शेरगिल आज अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने फिल्मों में चुनिंदा किरदार किए हैं। परिवार के खिलाफ जाकर उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा। शुरुआत में उन्हें फिल्मों में छोटे लेकिन दमदार किरदार मिले। इन किरदारों की तारीफ हुई और इनसे उन्हें पहचान मिली। बॉलीवुड के साथ उन्होंने पंजाबी फिल्मों में खूब नाम कमाया है।आज उनके जन्मदिन के मौके पर आइए जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें। पिता ने वर्षों तक बात नहीं की
3 दिसंबर साल 1970 को जन्मे जिम्मी शेरगिल सिख परिवार से आते हैं। इसलिए वह बचपन से पगड़ी पहनते थे। कॉलेज के दिनों में वह हॉस्टल में रहते थे। ऐसे में उन्हें हर रोज पगड़ी पहनना और उसे धोने में काफी दिक्कत आती थी। इसलिए उन्होंने अपनी पगड़ी हटा दी थी और बाल भी कटवा दिए थे। उनके इस फैसले से पिता नाराज हो गए थे। बताया जाता है कि जिम्मी शेरगिल के पिता ने उनसे तकरीबन डेढ़ साल तक बात नहीं की थी।परिवार एक्टर बनने के खिलाफ था
जिम्मी शेरगिल आज बॉलीवुड के मशहूर एक्टर हैं। हालांकि एक वक्त ऐसा था जब उनका परिवार उनके एक्टर बनने के खिलाफ था। दरअसल जिम्मी सिख परिवार से आते हैं। उनका परिवार चाहता था कि वह अपने रीति रिवाजों को न भूलें। जिम्मी शेरगिल जब 20 साल के थे तब वह अपने कजिन के यहां दिल्ली शिफ्ट हो गए थे। उनके कजिन ने ही उन्हें फिल्मों में हाथ आजमाने की सलाह दी।

## 8 घंटे की शिफ्ट वाली मांग पर राणा दग्गुबाती और दुल्कर सलमान ने दिए रिएक्शन, कहा- यह कोई फैक्ट्री नहीं



बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने हाल ही में 8 घंटे काम करने की मांग की। इसके बाद उन्हें कथित तौर से तेलुगु फिल्मों 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 AD' से बाहर होना पड़ा। इसके बाद इस मामले पर काफी चर्चा हो रही है। लगभग सभी कलाकारों की इस मामले पर राय अलग-अलग है। इस मामले पर राणा दग्गुबाती, दुलकर सलमान और 'गोट' की प्रोड्यूसर अर्चना कल्पथी ने अपनी बात रखी है।



टीएचआर इंडिया में बातचीत के दौरान राणा दग्गुबाती से आठ घंटे काम करने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया 'यह जॉब नहीं है, यह जिंदगी जीने का तरीका है। आप या तो इसमें रहना चुनते हैं या नहीं रहना। हर फिल्म आपसे कुछ और मांगती है। यह कोई फैक्टरी नहीं है। ऐसा नहीं है कि हम आठ घंटे बैठे रहेंगे और सबसे अच्छा सीना आ जाएगा।'

## जूडी हॉप्स की आवाज बनकर छाईं श्रद्धा

### सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। यहां पढ़िए कैसी है यह फिल्म?




फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटेंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है। इसी बीच जूटोपिया के संस्थापक लिंक्सली परिवार एक पार्टी देता है जिसमें गैरी नाम का सांप सबके सामने आ जाता है। अब यह सांप जूटोपिया में किस लिए आया? क्या जूडी इसकी जड़ तक पहुंच पाएगी ? क्या उसका और निक का रिश्ता बिगड़ेगा या बेहतर होगा? यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी संग फिर नजर आईं श्रद्धा कपूर

### खिलाया स्ट्रीट फूड; वायरल हुआ वीडियो



श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक प्यारा सा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल को अपने हाथों से मीठा खिलाती नजर आ रही हैं। दोनों मुंबई में एक नए रेस्तरां में साथ दिखे। उनकी क्यूट केमिस्ट्री देखकर फैंस बहुत खुश हो रहे हैं। इस वायरल वीडियो में श्रद्धा बहुत खुश नजर आ रही हैं और राहुल को प्यार से खाना खिलाते हुए उनकी स्माइल सबका दिल जीत रही है। यह वीडियो देखते ही देखते इंटरनेट पर श्रद्धा के फैंस के बीच वायरल हो गया है।

श्रद्धा और राहुल के इस वीडियो पर फैंस लाल दिल वाली इमोजी बना रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर के मुताबिक, श्रद्धा ने हाल ही में अपने फैंस को बताया कि उन्होंने एक फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, इसलिए वे ज्यादा डिटेल नहीं बता सकतीं, लेकिन जल्द ही अच्छी खबर आएगी। हो सकता है कि श्रद्धा अगली फिल्म राहुल मोदी के साथ करें। यह फिल्म स्टार्टअप और हसल कल्चर पर आधारित है। श्रद्धा बहुत एक्साइटेड हैं और इस फिल्म में उनका रोल बिल्कुल नया और चुनौतीपूर्ण होगा। श्रद्धा कपूर की 'नागिन' 2025 या फिर 2026 तक फ्लोर पर आएगी। श्रद्धा कपूर को आखिरी बार ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्त्री 2' में देखा गया था, जिसमें राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में थे।

## सीक्रेट वेडिंग के बाद राज निदिमोरु ने सामंथा रुथ को दिया खास तोहफा? ननद शीतल ने लिखा इमोशनल पोस्ट

सामंथा रुथ प्रभु और डायरेक्टर-प्रोड्यूसर राज निदिमोरु के अफेयर की चर्चा काफी वक्त से इंडस्ट्री में चल रही थीं। डेटिंग की खबरों पर दोनों ने चुप्पी साध रखी थी। मगर, बीते सोमवार 01 दिसंबर को दोनों ने शादी रचाकर फैंस को सरप्राइज दिया। एक निजी समारोह में दोनों ने शादी रचाई। शादी के बाद राज ने सामंथा को स्पेशल गिफ्ट दिया है। सामंथा रुथ प्रभु और राज ने कोयंबटूर के ईशा योग सेंटर में लिंग भैरवी मंदिर में शादी रचाई। दोनों ने पूरे रीति-रिवाज से एक-दूसरे का हाथ थामा। शादी बहुत ही निजी समारोह में सिर्फ करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में संपन्न हुई। शादी के बाद सामंथा की अंगूठी की खूब चर्चा हो रही है, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़



रुपये बताई जा रही है। मगर, इतना नही सामंथा के हमसफर राज ने उन्हें एक और स्पेशल गिफ्ट दिया है। शादी के बाद राज ने सामंथा को आलीशान घर गिफ्ट किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राज निदिमोरु ने सामंथा को हैदराबाद के जुबली हिल्स में एक खूबसूरत घर देकर सरप्राइज दिया है। एशियानेट न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, राज ने सामंथा को वेडिंग गिफ्ट में घर की चाभी दी है। यह घर उनके लिए शादी की एक खूबसूरत याद बन गई है।



## The Bonus Market Update: हरे निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी 26200 के पार पहुंचा



भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 9:40 तक 375.65 अंक या 0.44 प्रतिशत चढ़कर 86,082.32 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 106.70 अंक या 0.41 प्रतिशत चढ़कर 26,309.65 अंक पर आ गया।

## ED: केरल में सीएम के साथ उनके मंत्रियों पर ईडी का एक्शन KIIFB मसाला बॉन्ड मामले में ₹466 करोड़ का नोटिस जारी



ईडी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, राज्य के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव केएम अब्राहम को 466 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई केआईआईएफबी (केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड) के मसाला बॉन्ड इश्यू से जुड़े मामले में की गई है।

**फेमा के प्रावधानों के तहत जारी किया गया नोटिस**

अधिकारियों के मुताबिक, यह नोटिस 10 से 12 दिन पहले विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के प्रावधानों के तहत जारी किया गया था। नोटिस में व्यक्तिगत उपस्थिति की जरूरत नहीं है, लेकिन संबंधित पक्षों से उत्तर और दस्तावेज मांगे गए हैं।

फेमा से जुड़े मामलों में कारण बताओं नोटिस जांच पूरी होने के बाद ही जारी किया जाता है। यानी एजेंसी पहले पूरे लेन-देन, दस्तावेजों और कथित नियम उल्लंघन की जांच करती है और उसके निष्कर्षों के आधार पर नोटिस भेजती है।

**एजेंसी ने अपनी जांच में क्या पाया?**

एजेंसी की जांच 2019 में केआईआईएफबी द्वारा जारी किए गए मसाला बॉन्ड में जुटाई गई करीब 2,000 करोड़ रुपये की राशि के एंड-यूज और फेमा मानकों के अनुपालन पर केंद्रित रही।

केआईआईएफबी राज्य सरकार की प्रमुख फंडिंग एजेंसी है, जो बड़े और महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को वित्त सहायता प्रदान करती है। फंडिंग एजेंसी ने 2019 में राज्य में 50,000 करोड़ रुपये के व्यापक बुनियादी ढांचा विकास कार्यक्रम के लिए पूंजी जुटाने की बड़ी योजना के तहत अपने पहले मसाला बॉन्ड के जरिए 2,150 करोड़ रुपये जुटाए थे।



## UPI: यूपीआई से नवंबर में 24.58 लाख करोड़ रुपये के 19 अरब से अधिक हुए लेनदेन, 23 प्रतिशत बढ़ोतरी



यूपीआई से लेनदेन की रफ्तार जारी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 28 नवंबर तक यूपीआई से 24.58 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 19 अरब से अधिक लेनदेन हुए। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15.48 अरब लेनदेन दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल नवंबर में यूपीआई लेनदेन की संख्या 2024 के समान माह की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत बढ़ी। इस दौरान लेनदेन मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2023 की तुलना में यह वृद्धि 70 प्रतिशत और 41 प्रतिशत से भी अधिक रही। एनपीसीआई के आंकड़े पिछले पांच वर्षों में लगातार वृद्धि दर्शाते हैं। नवंबर 2021 में, यूपीआई से 7.68 लाख करोड़ के केवल 4.18 अरब लेनदेन हुए। नवंबर, 2022 तक यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई। पांच वर्षों का रुझान इस परिवर्तन की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है। 2021 से 2025 तक यूपीआई के लेनदेन की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ गई है। कुल मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ के रूप में इस प्लेटफॉर्म की भूमिका को रेखांकित करती है। 2025-26 में अब तक यूपीआई ने 12.41 अरब लेनदेन पूरे किए हैं। इनका औसत दैनिक मूल्य 91,324.77 करोड़ रुपये है। 2024-25 में इसी अवधि के दौरान औसत दैनिक मूल्य 71,839.58 करोड़ रुपये रहा।

## Gold Silver Price


## सोना 640 रुपये गिरकर 1,29,460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी की कीमतों में क्या बदलाव जानें



वैश्विक बाजार में कमजोर रुख और स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की कमजोर खरीदारी के कारण दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतों में गिरावट दिखी। हालांकि चांदी के भाव 5100 रुपये तक चढ़ गए। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार गुरुवार को सोने की कीमत 640 रुपये की गिरावट के साथ 1,29,460 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 640 रुपये घटकर 1,28,860 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, "गुरुवार को सीमित दायरे में कारोबार के दौरान सोने में गिरावट दर्ज की गई। संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते की दिशा में प्रगति से भू-राजनीतिक तनाव कम होने से भू-राजनीतिक जोखिम कम हुआ, इससे सोने में मुनाफावसूली को बढ़ावा मिला।" हालांकि, एसोसिएशन के अनुसार चांदी की कीमत 5,100 रुपये बढ़कर 1,68,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो लगातार तीसरे सत्र में इसकी बढ़त को दर्शाता है। पिछले तीन सत्रों में यह सफेद धातु 13,200 रुपये तक बढ़ चुकी है, जबकि सोमवार को यह 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। वहीं, वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 5.60 डॉलर या 0.13 प्रतिशत गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। गांधी के अनुसार बाजार के सहभागी भाव पर अब आगे के दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए नए संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिका में त्योहारी मौसम के कारण भी कीमतों में सुस्ती है। गुरुवार को थैंक्सगिविंग की छुट्टी के कारण अमेरिकी बाजार बंद रहने के कारण कारोबार की मात्रा धीमी रहने की उम्मीद है। विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी मामूली बढ़त के साथ 53.39 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। चांदी में नई मजबूती दिख रही है और तेजी का रुख लौट रहा है, इसे चीन से आपूर्ति संबंधी नई चिंताओं का समर्थन मिल रहा है।

## New Rules December: एलपीजी गैस कीमतों से लेकर आधार अपडेट के नियमों तक, 1 दिसंबर से लागू हुए ये बड़े बदलाव

**Rules Changed From 1st December:** हर महीने की पहली तारीख नीतियों, दरों और कई प्रक्रियाओं में बदलाव लेकर आती है। आज 1 दिसंबर से कई अहम बदलाव लागू हुए हैं, जिनके बारे में पता होना जरूरी है नहीं तो आपको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। आज से कुछ बदलाव लागू हुए हैं, जो सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं, कर्मचारियों आदि लोगों को प्रभावित करने का काम करेंगे। **एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत** हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां





एलपीजी गैस की कीमतों में बदलाव करती हैं। 1 दिसंबर से नए बदलाव लागू हो चुके हैं। 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये की कटौती की गई है। नई कीमतें आज से लागू हो चुकी हैं। वहीं घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। **आधार से जुड़े नियम** 1 दिसंबर से आधार से जुड़ा एक नया नियम भी लागू हो चुका है। इसके तहत आप आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर जैसी जानकारी को ऑनलाइन भी भरा जा सकेगा। इसमें डाटा का सत्यापन पैन कार्ड, पासपोर्ट या किसी दूसरे जरूरी सरकारी रिकॉर्ड से किया जा सकेगा। हाल ही में आधार का नया भी लॉन्च किया गया था।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















## Junior Women's Hockey World Cup

### विश्व कप में भारतीय महिला टीम का जीत से आगाज, नामीबिया को 13-0 से रौंदा



भारत ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को नामीबिया को 13-0 से करारी शिकस्त दी। टीम की ओर से हिना बानो और कनिका सिवाच ने हैट्रिक लगाई। भारत के लिए हिना (35', 35', 45') और कनिका (12', 30', 45') ने तीन-तीन गोल किए। इसके अलावा साक्षी राणा (10', 23') ने दो गोल दागे, जबकि बिनीमा धन (14'), सोनम (14'), साक्षी शुक्ला (27'), इशिका (36') और मनिशा (60') ने भी एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारत ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। **पहला क्वार्टर**
पहले ही क्वार्टर में भारत ने चार मिनट के भीतर चार गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। साक्षी ने रिवर्स फ्लिक से शानदार शुरुआत की, जिसके बाद कनिका ने दूसरा गोल दागा। बिनीमा ने तेज रन के बाद तीसरा गोल किया और सोनम के गोल ने भारत को शुरुआती पंद्रह मिनट में 4-0 की बढ़त दिला दी।



**दूसरा क्वार्टर**
दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा। साक्षी ने बेहतरीन दौड़ के बाद जोरदार स्ट्राइक से दूसरा गोल किया। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर से छठा गोल आया। हाफ टाइम से ठीक पहले कनिका ने अपना दूसरा गोल कर भारत को 7-0 की बढ़त दिलाई। तीसरा क्वार्टर
तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में हिना ने जोरदार शॉट के साथ अपना पहला गोल दागा और एक मिनट बाद ही ढीली रिस्टार्ट का फायदा उठाकर दूसरा भी जोड़ दिया। पेनल्टी कॉर्नर पर आए रिबाउंड से इशिका ने दसवां गोल किया। इसके बाद एक और डिफ्लेक्शन पर हिना ने अपनी हैट्रिक पूरी की। कनिका ने भी पेनल्टी कॉर्नर से अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 12-0 की बढ़त दिलाई।
चौथा क्वार्टर
अंतिम क्वार्टर में बेंच के खिलाड़ियों को मौका दिया गया, लेकिन आक्रमण जारी रहा। अंत में मनिशा ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर भारत की 13-0 की एकतरफा जीत को अंतिम रूप दिया।

## भारत-द.अफ्रीका टी-20 मैच की टिकट दरें जारी

टेस्ट सीरीज में 0-2 की हार और पहले वनडे में टीम इंडिया को मिली नजदीकी जीत के बाद द. अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू सीरीज बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। ऐसे में इन दो दिग्गज टीमों के बीच होने वाले पांच टी-20 मुकाबलों का रोमांच प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलेगा। सीरीज के तहत लखनऊ में 17 दिसंबर होने वाले चौथे टी-20 मुकाबले को लेकर प्रशंसकों के बीच क्रेज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार शाम 4.30 बजे ऑनलाइन टिकट दरें जारी करने के दो घंटे के भीतर ही 11 लाख रुपये की टिकटें बिक गई हैं। इकाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में टी-20 मुकाबले के लिए टिकट दरें जारी की गईं। इसका अधिकतम टिकट 999 रुपये से शुरू होकर 25 हजार रुपये तक रखा गया है। जारी दरों के तहत जनरल स्टैंड के टिकट




999 से शुरू होकर तीन हजार रुपये तक होंगे, जबकि सेमी-हॉस्पिटेलिटी की दर चार हजार और पांच हजार होंगी। हॉस्पिटेलिटी टिकट की कीमत 10 हजार, 12 हजार, 14 हजार, 15 हजार, 20 हजार और 25 हजार निर्धारित की गई है। यहां चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीमों ने खूब रन बनाए हैं। उम्मीद है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले में खूब रन बरसेंगे और प्रशंसक इसका पूरा लुत्फ उठाएंगे। इस अवसर पर यूपीसीए के कोषाध्यक्ष आनंद शुक्ला ने कहा कि इकाना स्टेडियम विश्वकप, आईपीएल समेत तमाम बड़े आयोजनों की सफल मेजबानी कर चुका है। पूर्व के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की भांति भारत और दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान यूपीसीए के निदेशक रियासत अली, सीईओ अंकित चटर्जी और मीडिया मैनेजर मो. फहीम मौजूद रहे।

## नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट: टूर्नामेंट जारी

### मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल आज



नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली की टीमों ने जीत दर्ज की। 1 दिसंबर को मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एएमयू के विलिंग्डन पवेलियन मैदान पर खेले गए 20 ओवर के मैच में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा को छह विकेट से हरा दिया। कुरुक्षेत्र की टीम 20 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। जवाब में उतरी जामिया ने 17.5 ओवर में 145 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। एमएलसी प्रो. तारिक मंसूर ने कैफ को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। स्टेडियम में खेले गए मैच में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी को एकतरफा मुकाबले में 175 रन से हरा दिया। अमृतसर की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 237 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भिवानी की टीम 10.4 ओवर में 62 रन पर सिमट गई। अमृतसर के दीपांशु ने 3.4 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट झटके। मार्क क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली ने एमडीयू रोहतक को चार विकेट से हरा दिया। रोहतक की टीम 30 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। मोहाली के हर्षदीप सिंह ने चार व रितिक ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में उतरी मोहाली ने 24.2 ओवर में 143 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। मैच जीतकर मोहाली की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. तारिक मंसूर ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

## भारतीय फुटबॉल के सभी हितधारकों से मिलेंगे खेल मंत्री

### मनसुख मांडविया, 3 दिसंबर को होगी बैठक



भारतीय फुटबॉल में जारी संकट को दूर करने के लिए केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया 3 दिसंबर को सभी प्रमुख हितधारकों के साथ दिनभर चली बैठकों में समाधान तलाशेंगे। इन हितधारकों में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ), पूर्व वाणिज्यिक साझेदार एफएसडीएल, इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब, आई-लीग क्लब, प्रसारक, ओटीटी प्लेटफॉर्म और संभावित नए वाणिज्यिक साझेदार शामिल होंगे। जुलाई में एफएसडीएल ने एआईएफएफ को सूचित किया था कि 15 साल पुराने मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (MRA) के नवीनीकरण को लेकर स्पष्टता न होने के कारण ISL को होल्ड पर रखा जा रहा है। यह समझौता 8 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

## Azlan Shah Hockey Cup: बेल्जियम ने जीता अजलान शाह हॉकी का खिताब, फाइनल में भारत को 1-0 से हराया



**बेल्जियम ने रविवार** को रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बेल्जियम को शुरुआत में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने इन्हें नाकाम कर दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल की लेकिन बेल्जियम ने उन्हें मिडफील्ड में बेहतर नियंत्रण बनाकर परेशान किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम गोल का खाता खोलने में नाकाम रहीं। बेल्जियम ने दूसरे हाफ में बेहतर लय में खेलकर भारत पर दबाव डाला। भारत ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन तीसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम के डिफेंस को मात नहीं दे सके। इस बीच 34वें मिनट में स्टॉकब्रोक्स के गोल ने भारत को दबाव में डाल दिया। आखिरी क्वार्टर में भारत ने स्कोर बराबर करने की बहुत कोशिश की लेकिन बेल्जियम के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।

## लंदन चेस क्लासिक में चमके प्रज्ञानंद

### बने को-लीडर; विश्व रैंकिंग में भी बनाए रखा दबदबा



**भारतीय ग्रैंडमास्टर** आर प्रज्ञानंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।